# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 05.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, आज, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 05.01.2025

### बड़े बकायेदारों के आवंटन होंगे निरस्त

**वाराणसी।** वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने संपत्ति अनुभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहाकि विभिन्न योजनाओं के बड़े बकायेदार जिन्हें कई बार नोटिस भेजा जा चुका है। उसके बाद भी वह वह धनराशि जमा नहीं करा रहे हैं तो ऐसे में उनका आवंटन निरस्त कर प्राधिकरण कब्जा करे। प्राधिकरण की किराये पर आवंटित संपत्तियों के संबंध में कहा कि दुकान क्रय करने हेतु नोटिस दिया जाए। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 05.01.2025

### सेंट्रल रोड पर कराए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शनिवार को सेंट्रल जेल रोड पर हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। यहां एन्हांसिंग अर्बन इंटरेक्शन थ्रू प्लेसमेकिंग, लैंडस्केपिंग एंड पेडेस्ट्रियानेशन ऑफ सेंट्रल जेल रोड के तहत स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसके तहत विद्युत लाइन हेतु आरसीसी डक्ट तथा फुटपाथ का काम देखा। ठेकेदार को मजदूरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 05.01.2025

### 32 मानचित्र स्वीकृत किए गए

**वाराणसी।** वीडीए वीसी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को प्राधिकरण सभागार में मानचित्र स्वीकृत करने के संबंध में बैठक की गई। अफसरों ने बताया कि जोन एक में नौ, जोन दो में सात, जोन तीन में पांच और जोन चार में छह मानचित्र स्वीकृत किए गए। सर्वाधिक शुल्क जमा कराए और सर्वाधिक निर्गत मानचित्र किए जाने पर प्रशस्ति पत्र दिया गया। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


आज–दि0 05.01.2025

## विप्रा उपाध्यक्ष ने विकास कार्य का किया औचक निरीक्षण

विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सेंट्रल जेल रोड पर प्लेसमेकिंग, लैंडस्केपिंग और पेडेस्ट्रियानेशन एण्ड आफ सेंट्रल जेल रोड का निरीक्षण किया। जिसमें विद्युत लाईन के लिए आरसीसी डक्ट तथा फुटपाथ का कार्य तेजी से चलता हुआ पाया गया। उपाध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदार को समय से कार्य करने के लिए निर्देश दिया। इस परियोजना में विद्युत तथा ओएफसी लाइन को भूमिगत करते हुए पार्किंग, वेल्डिंग एरिया, फुटपाथ, सिटिंग तथा लैंडस्केपिंग का कार्य होना है। निरीक्षण के दौरान मौके पर अधिशासी अभियंता इलेक्ट्रिक, सहायक अभियंता इलेक्ट्रिक, अर्बन प्लानर और संबंधित ठेकेदार मौजूद थे।

आज–दि0 05.01.2025

## विप्रा उपाध्यक्ष ने हार्टिकल्चर कार्य का किया निरीक्षण

विकास प्राधिकरण प्रयागराज महाकुंभ की होने वाले समारोह में अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को वाराणसी आने की संभावना को देखते हुए शहर में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए सुंदर एवं सुसज्जित व्यवस्था की जायेगी। जिसे लेकर विप्रा उपाध्यक्ष ने हरहुआ स्थित एक स्कूल के समक्ष छह किलोमीटर के एरिया में डिवाइडर के मध्य हार्टिकल्चर का कार्य कराने का निर्देश दिया था। जिसका आज उन्होंने मौके पर निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश भी दिया। बीच-बीच में अच्छे किस्म के पौधे भी लगाये गये हैं। जिससे कि प्रदूषण को रोका जा सके। इस कार्य को करने वाले ठेकेदार को एक वर्ष तक इसकी जिम्मेदारी दी गयी है। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता और अर्बन प्लानर सहित संबंधित ठेकेदार मौजूद थे।

## न्यायाधीश–दि0 05.01.2025

### विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में शमन मानचित्र स्वीकृत व मानचित्र शुल्क जमा के सम्बन्ध में बैठक की गयी

वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष महोदय के अध्यक्षता में दिनांक 04.01.2025 को प्राधिकरण सभागार में शमन मानचित्र स्वीकृत व मानचित्र शुल्क जमा के सम्बन्ध में बैठक की गयी ज़ोनवार माह नवम्बर में जमा शमन शुल्क व मानचित्र स्वीकृत का विवरण निम्न है -जोन-1 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 1 करोड़ 13 लाख 27 हजार 560 तथा कुल 9 मानचित्र स्वीकृत किये गये जोन-2 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 94 लाख 83 हजार 446 रुपए तथा कुल 7 मानचित्र स्वीकृत किये गये जोन- 3 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 56 लाख 33 हजार 797 रुपए तथा कुल 5 मानचित्र स्वीकृत किये गये जोन- 4 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 34 लाख 59 हजार 232 रुपए तथा कुल 6 मानचित्र स्वीकृत किये गये जोन-5 द्वारा प्राप्त शमन शुल्क 58 लाख 50 हजार 573 रुपए तथा कुल 05 मानचित्र स्वीकृत किये गये ।उक्त विवरण के अनुसार जोन-1 द्वारा सर्वाधिक मानचित्र जमा कराने, सर्वाधिक शुल्क जमा कराये जाने पर एवं सर्वाधिक निर्गत मानचित्र किये जाने पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता विजय सिंह व प्रिया अग्रहरी को प्रशस्ति पत्र दिया गया, जोन -5 के जोनल अधिकारी श्री प्रकाश को शमन शुल्क जमा कराने हेतु विशेष प्रयासो के लिये उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया व उनके कार्य की सराहना भी की गयी ।उपाध्यक्ष द्वारा निर्देश दिया गया है कि जोनल व जेई ज्यादा से ज्यादा मानचित्र स्वीकृत कराये व शमन शुल्क जमा कराये ।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि जोनल व जेई अपने क्षेत्र में निरिक्षण करें निरिक्षण के दौरान बिना शमन मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध व्यवसायिक भवनों को नोटिस की कार्यवाही करे ।बैठक के दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार व सभी जोन के जोनल अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे ।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 05.01.2025

### रोपवे टावर के निर्माण के लिए वीडीए की टीम ने भवन का कराया ध्वस्तीकरण




भवन के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मौजूद अपर जिलाधिकारी प्रशासन बिपिन कुमार, वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव व अन्य

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** शहर में आवागमन को सुगम बनाने के लिए चल रही रोपवे परियोजना के तहत टावर संख्या टी-25 के निर्माण कार्य के लिए लक्सा के रामपुरा क्षेत्र स्थित एम बाजार के बगल में चार मंजिला भवन को गिराने की कार्यवाही शुरू हुई। इस दौरान वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में संयुक्त सचिव परमानंद यादव समेत अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। भवन स्वामी और आसपास के दुकानदारों को पहले ही ध्वस्तीकरण के संबंध में सूचना देते हुए परिसर खाली करा लिया गया था।कार्यवाही के दौरान पुलिस बल की तैनाती की गई थी एवं यातायात व्यवस्था का डायवर्जन भी कराया गया।टावर संख्या टी-25 रोपवे परियोजना के निर्माण एलाइनमेंट में आने वाली किसी भी निजी भूमि के लिए संबंधित भू-स्वामी को नियमानुसार मुआवजा या क्षतिपूर्ति दिए जाने का प्रावधान है। भू-स्वामियों को आवश्यक दस्तावेज तहसील या प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व और अन्य विभागों से अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद नियमानुसार मुआवजा जारी किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि यह रोपवे परियोजना वाराणसी नगर में यातायात की समस्याओं का समाधान करने और पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसके अनुक्रम आज मौके पर पूर्व निर्मित भवन का ध्वस्तीकरण कराते हुए स्थल रोपवे के पिलर नं 25 के निर्माण हेतु रिक्त कराया गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


तरूणमित्र न्यूज–दि0 05.01.2025

## वीडीए वीसी ने स्थलीय निरीक्षण कर दिए कई निर्देश

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शनिवार को सेंट्रल जेल रोड पर एन्हांसिंग अर्बन इंटरेक्शन थ्रू प्लेसमेकिंग, लैंडस्केपिंग एंड पेडेस्ट्रियानेशन ऑफ़ सेंट्रल जेल रोड के तहत स्थलीय निरीक्षण किया। जिसके अंतर्गत विद्युत लाइन हेतु आरसीसी डक्ट तथा फुटपाथ का कार्य गतिमान है संबंधित ठेकेदार को मजदूरों की संख्या बढ़ाने एवं निर्धारित समय में कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराये जाने के लिए निर्देशित किया।



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग अधीनस्थों संग स्थलीय निरीक्षण करते हुए

इस परियोजना के तहत विद्युत तथा ओएफसी लाइन को भूमिगत करने हेतु डक्ट, पार्किंग, वेंडिंग एरिया, फुटपाथ, सिटिंग तथा लैंडस्केपिंग का कार्य कराया जाना है। मौके पर अधिशासी अभियंता इलेक्ट्रिक, सहायक अभियंता इलेक्ट्रिक ,अर्बन प्लानर एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।